

Director
Mr. VIPIN JAIN SIR
(The Symbol of Trust)

Since 2011

# 26 May 2022

# MARVELLOUS
## (A Result Oriented Institute)
An Institute for Civil services Examination

Daily Current Affairs Booster

Follow us on

# Daily Current Affairs

UPSC | MPPSC | NTA NET | MP-SI


Ground Floor, Opposite Puma Showroom, Tower Square, Indore (M.P.)
Helpline & 9981983777, 8817983777, 0731-4370330
Website : marvellousinstitute.com

## 26 मई का इतिहास

- **2007 :** भारत और जर्मनी के बीच रक्षा समझौता सम्पन्न हुआ।
- **2008 :** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनाज व खाद्य तेलों की स्टॉक सीमा तय करने के संबंध में अधिसूचना जारी की।
- **1940 :** भारतीय जनता पार्टी के नेता सरताज सिंह का जन्म हुआ।
- **2006 :** विज्ञान जगत में एक शोध के मुताबिक एड्स का विषाणु कैमरून में पाए जाने वाले चिंपैंजिओं से फैला है।
- **1986 :** हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार, गीतकार, समीक्षक और राजनीतिक श्रीकांत वर्मा का निधन हुआ।

## 26 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मैसूर शहर में 8 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की पुष्टि की है, जिसे 21 जून को कर्नाटक राज्य की सांस्कृतिक राजधानी और प्रमुख ऐतिहासिक गंतव्य के रूप में जाना जाता है।
- विनय कुमार सक्सेना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के नए उपराज्यपाल बने। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अनिल बैजल का इस्तीफा स्वीकार करने के बाद श्री सक्सेना की नियुक्त को मंजूरी दी। इनका कार्यकाल पदभार संभालने की तिथि से प्रभावी होगा। सक्सेना क्रम में दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल है।
- पेटीएम ने पेटीएम जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड नामक एक संयुक्त उद्यम सामान्य बीमा कंपनी की घोषणा की है। पेटीएम ने 10 साल की अवधि में पीजीआईएल में 950 करोड़ रूपये किश्तों में डालने और जेवी में 74 फीसदी की अपफ्रंट इक्विटी हिस्सेदारी रखने की योजना की घोषणा की है।
- सुभाष ओला, राजस्थान के एक अन्वेषक जिन्होंने भाप को पुनर्चक्रित करके बॉयलरों में ऊर्जा बचाने की तकलीफ विकसित की है, ने अमेजॅन संभव एंटरप्रेन्योरशिप चैलेंज 2022 के लिए पहला पुरस्कार जीता है और उनके उद्यम जीनियसएनर्जी क्रिटिकल इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड ने स्टार्ट-अप ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीता है। प्रौद्योगिकी को सबसे पहले खोया और अन्य दुग्ध उत्पाद बनाने के लिए विकसित किया गया था और बाद में इसके पोर्टफोलियो एप्लीकेशन को कपड़ा, दुध और भोजन, फार्मा, प्लाईवुड, पेपर मिल, चमड़ा उद्योग, रसायन उद्योग, गर्म पानी बॉयलर जनरेटर, प्लास्टिक रीसायकल, कपड़े धोने, अस्पतालों आदि तक बढ़ा दिया गया था।
- ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी के नेता, एंथनी अल्बनीस ने देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। अल्बनीस ने नौ साल बाद सता के लिए अपने इंतजार को खत्म करते हुए चुनाव में जीत का दावा किया और इसके साथ ही एंथोनी अल्बनीस देश के 31वें प्रधानमंत्री बने। लिबरल-नेशनल गठबंधन का नेतृत्व कर रहे निवर्तमान प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने हार मान ली है। 59 वर्षीय नए प्रधानमंत्री ने कैनबरा के गवर्नमेंट हाउस में एक संक्षिप्त समारोह में शपथ ली।
- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान (CSIR-IIIM) द्वारा 25 से 26 मई को लैवेंडर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।
- आईटी प्रमुख इंफोसिस ने घोषणा की कि उसके निदेशक मंडल ने सलिल एस पारेख को कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक के रूप में 1 जुलाई 2022 से प्रभावी पांच साल की अवधि के लिए 31 मार्च, 2027 तक शेयरधारक के अनुमोदन के अधीन फिर से नियुक्त किया है। यह नामांकन और पारिश्रमिक समिति की सिफारिशों पर आधारित है और शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। इफोसिस की स्थापना 2 जुलाई 1981 को पुणे में हुई थी।
- विजय शेखर शर्मा को अगले 5 साल के कार्यकाल के लिए पेटीएम के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 19 मई 2022 से 18 मई 2027 तक रहेगा। वन 97 कम्युनिकेशंस जो पेटीएम ब्रांड के तहत सूचीबद्ध है, ने मधुर देवड़ा को 20 मई, 2022 से 19 मई, 2027 तक 5 साल के कार्यकाल के लिए कंपनी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आईएफएस विवेक कुमार अपने नए निजी सचिव के रूप में मिले है। कैबिनेट नियुक्ति समिति ने पीएम मोदी के प्रेस सचिव के रूप में विवेक कुमार के नामांकन को स्वीकार कर लिया। विवेक कुमार प्रधानमंत्री कार्यालय के निदेशक हैं और 2004 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी है। कैबिनेट नियुक्ति समिति या कैबिनेट की नियुक्ति समिति भारत सरकार में विभिन्न उच्च पदस्थ पदों पर नियुक्तियां करती है।
- विजय शेखर शर्मा को वन 97 कम्युनिकेशन्स ने अपने संस्थापक को प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में फिर से नियुक्त किया गया है।
- भारतीय कंपनी ने रूस के साथ अपना टाटा स्टील कारोबार बंद करने की घोषणा की है।
- भोपाल से आदिवासी युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए पाइलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. हाल ही में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद भारतीय एकीकृत चिकित्सा संस्थान द्वारा लैवेंडर फेस्टिवल का आयोजन कब से कब तक किया जा रहा है ?**

(A) 25 से 26 मई (B) 26 से 27 मई
(C) 27 से 28 मई (D) 30 से 31 मई

**(A)** वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद भारतीय एकीृत चिकित्सा संस्थान (CSIR-IIIM) द्वारा 25 से 26 मई को लैवेंडर फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव का आयोजन जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह में किया जा रहा है। इस अवसर पर लैवेंडर की खेती करने वाले किसानों ओर संबंधित स्टार्ट-अप्स को सम्मानित किया जाएगा।




**2. आरबीआई वित्त वर्ष 2022 के लिए सरकार को लाभांश के रूप में कितने करोड़ रूपये का भुगतान करेगा ?**

(A) 20,400 करोड़ रूपये (B) 30,307 करोड़ रूपये
(C) 35,205 करोड़ रूपये (D) 73,948 करोड़ रूपये

**(B)** आरबीआई वित्त वर्ष 2022 के लिए सरकार को लाभांश के रूप में 30,307 करोड़ रूपये का भुगतान करेगा। यह आरबीआई के 2021 के 99,122 करोड़ रूपये के लाभांश से काफी कम है। भारतीय रिजर्व बैंक आकस्मिक जोखिम बफर को 5.50 प्रतिशत पर बनाए रखेगा।




**3. भारत ने पहली मेडिकल सिटी इंद्रायणी मेडिसिटी कहाँ स्थापित किये जाने की घोषणा की गई ?**

(A) पुणे (B) कर्नाटक
(C) कानपुर (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** महाराष्ट्र की राज्य सरकार ने एक छत के नीचे सभी प्रकार के विशेष उपचार प्रदान करने के लिए पुणे में देश का पहला चिकित्सा शहर इंद्रायणी मेडिसिटी स्थापित करने की घोषणा की है। यह पुणे के खेड़ तालुका में 300 एकड़ भूमि क्षेत्र में आएगा। इस परियोजना में 10000 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश को आकर्षित करने का अनुमान है।

IDBI FEDERAL
In association with Ageas
IDBI Federal Life Insurance Co Ltd

**4. हाल ही में IDBI बैंक ने एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस में अपनी कितने फीसदी हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की ?**

(A) एक तिहाई (B) एक चौथाई
(C) पचास प्रतिशत (D) सौ प्रतिशत

**(B)** हाल ही में IDBI बैंक ने एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस में अपनी एक चौथाई फीसदी हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की है। आईडीबीआई बैंक ने निजी क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एजेस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस में अपनी शेष 25 प्रतिशत हिस्सेदारी 580 करोड़ रूपये में बेचने के लिए एक शेयर खरीद समझौता किया है।



**5. हाल ही में किस राज्य के नवप्रवर्तनक सुभाष ओला ने अमेजन संभव उद्यमिता चुनौती 2022 में प्रथम पुरस्कार जीता ?**

(A) राजस्थान (B) केरल
(C) हरियाणा (D) मध्यप्रदेश

**(A)** सुभाष ओला के उद्यम जीनियसएनर्जी क्रिटिकल इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड ने वर्ष का स्टार्ट-अप पुरस्कार जीता है। सुभाष ओला ने भाप को रिसाइकिल करके बॉयलरों में ऊर्जा बचाने के लिए एक तकनीक विकसित की है। प्रोद्योगिकी को पहले खोया और अन्य दुग्ध उत्पाद बनाने के लिए विकसित किया गया था, लेकिन बाद में इसका उपयोग कपड़ा, दूध, और भोजन, फार्मा प्लाईवुड, पेपर मिल, चमड़ा उद्योग आदि में किया गया।

**6. किस भारतीय कंपनी ने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी-20 लीग में फ्रेंचाइजी हासिल की है ?**

(A) पेटीएम (B) एक्सट्रीमजोन
(C) अडानी स्पोर्ट्सलाइन (D) रिलाइंस

**(C)** अडानी स्पोर्ट्सलाइन ने संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी-20 लीग में फ्रेंचाइजी हासिल की है। अडानी स्पोर्ट्सलाइन अडानी समूह का एक प्रभाग है। संयुक्त अरब अमीरात टी-20 लीग एक वार्षिक क्रिकेट आयोजन है जिसमें 34 मैचों के टूर्नामेंट में भाग लेने वाली छह फ्रेंचाइजी टीमें शामिल होंगी।




**7. माउंट एवरेस्ट की 8830 मीटर ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा मौसम स्टेशन किसने स्थापित किया है ?**

(A) लार्सन एंड टुब्रो, भारत
(B) निप्पॉन टेलीग्राफ और टेलीफोन, जापान
(C) इंटरनेशनल रेडियो सोसाइटी, चीन
(D) नेशनल ज्योग्राफिक सोसाइटी, अमेरिका

**(D)** नेशनल ज्योग्राफिक सोसाइटी के विशेषज्ञ दल ने माउंट एवरेस्ट पर 8830 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा मौसम केंद्र स्थापित किया है। जिससे मौसम संबंधी अनेक घटनाक्रमों को स्वतः मापा जा सकेगा। सौर ऊर्जा से संचालित इस मौसम निगरानी प्रणाली से वायु तापमान, हवा की गति और दिशा, हवा का दबाव, बर्फ की सतह की ऊंचाई में बदलाव आदि मौसम विज्ञान संबंधी घटनाक्रम को मापा जा सकता है।




**8. चर्चा में रही नेचिफू सुरंग किस राज्य में स्थित है ?**

(A) मिजोरम (B) अरूणाचल प्रदेश
(C) नागालैंड (D) मणिपुर

**(B)** हाल ही में चर्चा में रही नेचिफू सुरंग अरूणाचल प्रदेश में स्थित है। इस परियोजना की आधारशिला रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 12 अक्टूबर, 2020 को रखी थी। नेचिफू सुरंग 5700 फीट की ऊंचाई पर पश्चिम कामेंग जिले में बालीपारा-चारदुआर-तवांग रोड पर 500 मीटर लंबी डी-आकार, सिंगल ट्यूब डबल लेन सुरंग है। सुरंग में दोनों तरफ से यातायात की सुविधा होगी और इसमें आधुनिक तरीके से रोशनी और सुरक्षा सुविधाएं होंगी।



**9. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2021-22 में भारत को किस देश से सबसे अधिक विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है ?**

(A) जापान (B) अमेरिका
(C) सिंगापुर (D) संयुक्त अरब अमीरात

**(C)** वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारत में निवेश करने वाले शीर्ष निवेशक देशों के मामले में सिंगापुर के साथ पहले स्थान पर रहा है। भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल किया है, जो अब तक किसी भी वित्त वर्ष में सबसे अधिक है, इस रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2003-04 की तुलना में भारत के FDI में 20 गुना वृद्धि हुई है।



**10. किस भारतीय को प्रतिष्ठित हम्बोल्ट रिसर्च अवार्ड 2022 (Humboldt Research Award 2022) से सम्मानित किया गया है ?**

(A) इंद्रजीत सिंह (B) कौशिक बसू
(C) नीरज खरे (D) अजय पीरामल

**(A)** पंजाब यूनिवर्सिटी के बाटनी विभाग के एल्युमनी प्रो. इंद्रजीत सिंह को जर्मनी के प्रतिष्ठित हम्बोल्ट रिसर्च अवार्ड के लिए चुना है। हम्बोल्ट रिसर्च अवार्ड दुनिया भर के वैज्ञानिकों और अर्थशास्त्रियों को उनके अद्भुत काम के लिए प्रदान किया जाता है।



# MARVELLOUS

## INSTITUTE FOR CIVIL SERVICES

**(A RESULT ORIENTED INSTITUTE )**

**Since 2011**

MPPSC की तैयारी के लिए VIPIN सर ही क्यों ?





**Director :-**
**MR. VIPIN JAIN SIR**
**(The Symbol of Trust)**

- MSC Mathematics
- MPA Public Administration , NET
- MPH Philosophy (Gold Medalist) , NET
- MPS Political Science , NET Qualified
- MSO Sociology
- MHD Hindi Literature Etc

**Opposite Puma showroom, Tower Square, Indore**
**CONTACT :- 9981983777, 8817983777**